दैनिक जागरण 19/09/2023

# जीएमएन कालेज में हुआ व्याख्यान

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद अतिथि। • सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में प्राचार्य डा. रोहित दत्त व डा. रचना खन्ना की देखरेख में कालेज के कानूनी साक्षरता सैल द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान यौन उत्पीड़न के बारे में चेताया गया। कार्यक्रम में गुरमीत कौर एडवोकेट जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुख्य वक्ता थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को यौन उत्पीड़न के बारे में जागरूक किया क्योंकि यह लिंग के आधार पर एक प्रकार का भेदभाव है। जब किसी का स्कूल, कालेज, कार्यस्थल और अन्य संस्थानों में यौन उत्पीड़न किया जाता है तो यह उनकी व्यक्तिगत गरिमा और सुरक्षा की भावना को कमज़ोर कर सकता है। इस दौरान डा. सुरेंद्र सिंह कुंडू, डा. सरोज बाला, डी.नीना, डा. मीनू राठी, जस्मिता हांडा आदि मौजूद रहीं।